दिन– बुधवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 05/03/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　　　अवधिः– 15 मिनट

---

01. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण के तीन लाख लाभुकों को प्रथम किस्त की राशि हस्तांतरित करेंगे।

02. पंचायती राज मंत्रालय आज नई दिल्ली में महिलाओं के अनुकूल ग्राम पंचायत मॉडल की शुरूआत करेगा।

03. सीबीआई ने पूर्व मध्य रेलवे की लोको पायलट प्रोन्नति परीक्षा के पेपर लीक मामले में गया के सात लोको पायलट समेत छब्बीस रेलकर्मियों को गिरफ्तार किया।

04. और, आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को हराकर फाईनल में प्रवेश किया। रविवार को खेला जायेगा फाईनल मुकाबला।

————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज पटना में ग्रामीण विकास विभाग के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना, ग्रामीण के लाभुकों को सहायता राशि हस्तांतरित करेंगे। इस योजना के अन्तर्गत तीन लाख तीस हजार परिवारों को आवास की स्वीकृति दी जायेगी। इसके अलावा तीन लाख लाभुकों को प्रथम किस्त के रूप में एक हजार दो सौ करोड़ रूपये दिये जायेंगे। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी तथा विजय कुमार सिन्हा और ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार मौजूद रहेंगे।

————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि विधानसभा चुनाव से पहले सरकार बारह लाख युवाओं को सरकारी नौकरी और अड़तीस लाख युवाओं को रोजगार देने के लिए प्रतिबद्ध है। श्री कुमार ने विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा का जवाब देते हुये यह बात कही।

———बाइट———

मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में एनडीए पूरी तरह एकजुट है। उन्होंने कहा कि अगले विधानसभा चुनाव में विपक्ष का खाता भी नहीं खुलेगा।

———बाइट———

————————————————————————

राज्य सरकार जल्द ही प्रदेश को चापाकल मुक्त राज्य बनाने जा रही है। पीएचईडी मंत्री नीरज कुमार सिंह ने विधान परिषद में कहा कि भू–जल के दोहन से बचाने के लिए सतही जल से पीने के पानी की आपूर्ति की जायेगी। उन्होंने कहा कि भू–जल समस्या वाले गांवों में पेयजल की आपूर्ति के लिए मल्टी विलेज योजना लागू की जायेगी।

———————————————————————————

केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा है कि दो हजार पच्चीस का विधानसभा चुनाव नीतीश कुमार के नेतृत्व में लड़ा जायेगा। पटना के बापू सभागार में पार्टी राज्य परिषद की बैठक में चुनाव प्रभारी और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने इसकी घोषणा की। उन्होंने दावा किया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में एक बार फिर एनडीए की सरकार बनने जा रही है।

———बाइट———

इधर, शहरी विकास परियोजनाओं की समीक्षा के बाद केंद्रीय शहरी विकास मंत्री श्री खट्टर ने कहा है कि पटना मेट्रो रेल परियोजना के प्रथम चरण का कार्य अगस्त महीने तक पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पहले चरण में सात किलोमीटर लंबी रेललाइन पर मेट्रो का परिचालन शुरू होगा। उन्होंने कहा कि स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत बचे हुए कार्य मार्च महीने तक पूरा करने का लक्ष्य है।

———बाईट———

श्री खट्टर ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना– शहरी के तहत आबादी के अनुपात में जितने आवास की आवश्यकता होगी, सरकार उसका आवंटन करेगी।

———————————————————————————

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय द्वारा आयोजित किए जाने वाले विकसित भारत युवा संसद महोत्सव दो हजार पच्चीस के तहत पटना जिला भी नोडल जिला के रूप में चयनित हुआ है। इसमें पटना के साथ सम्बद्ध जिला नालंदा और अरवल हैं। इन जिलों के युवाओं की भागीदारी इसी महीने पटना स्थित मौलाना मजहरुल हक़ अरबी फ़ारसी विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में होगी। पटना नोडल ज़िले के कार्यक्रम अध्यक्ष और मौलाना मजहरुल हक़ विश्वविद्यालय के कुलसचिव कर्नल कामेश कुमार ने बताया कि यह कार्यक्रम जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर तीन चरणों में आयोजित किया जाएगा। चयनित प्रतिभागियों को नई दिल्ली में राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम में संसद

भवन में भाग लेने का अवसर मिलेगा। गौरतलब है कि इस महोत्सव के तहत देशभर के तीन सौ एक नोडल जिलों का चयन किया गया है।

———————————————————————————

केन्द्रीय जांच ब्यूरो, सीबीआई की टीम ने पूर्व मध्य रेलवे की लोको पायलट प्रोन्नति परीक्षा में पेपर लीक मामले में गया के सात लोको पायलट समेत छब्बीस रेलकर्मियों को गिरफ्तार किया है। साथ ही सीबीआई की टीम ने दो रेल अधिकारियों के ठिकाने से एक करोड़ सत्रह लाख रूपये नकद बरामद किये हैं। मामले में वरिष्ठ डीईई सुशांत पराशर और आठ रेलवे अधिकारियों और कर्मियों समेत कई ज्ञात और अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी है। गौरतलब है कि सीबीआई ने तीन और चार मार्च की मध्य रात्रि को विशेष अभियान के तहत यह कार्रवाई की है।

इधर, सीबीआई ने पटना एम्स में आर्थोपेडिक प्रत्यारोपण उपकरणों की खरीद में गड़बड़ी के मामले में छापेमारी की है। इस सिलसिले में एम्स के दो कर्मियों से पूछताछ की जा रही है।

———————————————————————————

आईआरसीटीसी में कथित अनियमितताओं से जुड़े भ्रष्टाचार मामले में आज नई दिल्ली की विशेष अदालत में लालू प्रसाद समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ सुनवाई होगी। इधर, विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने इस मामले में सभी आरोपितों को व्यक्तिगत रूप से पेशी से छूट प्रदान की है। इस बीच, लालू प्रसाद ने इस मामले में उन पर मुकदमा चलाने के लिए सीबीआई को मिली मंजूरी की वैधता पर सवाल उठाया है।

———————————————————————————

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत आज पांच दिवसीय दौरे पर बिहार आयेंगे। तय कार्यक्रम के अनुसार श्री भागवत पटना, मुजफ्फरपुर और सुपौल जायेंगे। श्री भागवत सात, आठ और नौ मार्च को मुजफ्फरपुर में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे।

———————————————————————————

पंचायती राज मंत्रालय आज नई दिल्ली में एक राष्ट्रीय सम्मेलन में आदर्श महिला हितेसी ग्राम पंचायत की शुरूआत करेगा। एक रिपोर्ट—

———रिपोर्ट———

———————————————————————————

मौसम विभाग ने कहा है कि अगले दो से तीन दिन के दौरान पश्चिमी बिहार और उसके आस—पास के जिलों में तेज हवा चलने की सम्भावना है। इस दौरान हवा

की रफ्तार तीस किलोमीटर प्रति घंटा हो सकती है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि आठ और नौ मार्च को राज्य के कुछ स्थानों पर हल्की बारिश की सम्भावना है।

---बाईट---

---

रेलवे ने होली के मौके पर यात्रियों की सुविधा के लिए कल से पांच जोड़ी स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह ट्रेन इकतीस मार्च तक रविवार को छोड़कर प्रत्येक दिन चलेगी। पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी सरस्वती चन्द्र ने बताया कि दानापुर से जबलपुर, रानी कमलापति, कोटा और जालना के बीच स्पेशल ट्रेन चलायी जायेगी। वहीं, गया से आनंद विहार के बीच भी होली स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जायेगा।

इधर, वाराणसी और फिरोजाबाद मंडल में तकनीकी कार्य के कारण आज से तेरह मार्च के बीच कई ट्रेनों को परिवर्तीत मार्ग से चलाया जा रहा है। इनमें मुख्य रूप से नई दिल्ली–सहरसा, अमृतसर–सहरसा और कटिहार–अमृतसर एक्सप्रेस ट्रेन शामिल हैं।

---

वैशाली जिले के गोरौल स्थित फकुली और मौना के बीच बेकाबू ट्रक की चपेट में आने से अलग–अलग स्थानों पर चार लोगों की मौत हो गयी जबकि दो लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये। पुलिस सूत्रों ने बताया कि ट्रक को जब्त कर लिया गया है।

---

बेगूसराय के खुदावंदपुर में पदस्थापित सीडीपीओ दर्शना कुमारी को निलंबित कर दिया गया। सीडीपीओ पर आंगनबाड़ी केंद्रों की सेविका और सहायिका की उपस्थिति आंगन ऐप पर अपलोड नहीं करने का आरोप है। समाज कल्याण विभाग के अपर सचिव ने उनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए हैं।

---

रोहतास जिले के सासाराम नगर थाना क्षेत्र की पुलिस ने मोटरसाईकिल चोर गिरोह के छह सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से चोरी की सौ से अधिक मोटरसाईकिल बरामद की है।

---

सेपक टाकरा विश्व कप प्रतियोगिता के लिए भारतीय टीम की घोषणा कर दी गयी है। टीम में बिहार के बॉबी कुमार भी शामिल होंगे। बीस से पच्चीस मार्च तक पटना के

पाटलिपुत्र खेल परिसर में आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता में भारत सहित बीस देशों के खिलाड़ी भाग लेंगे।

इधर, पटना में आयोजित हेमन ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट के एक मुकाबले में जहानाबाद की टीम ने अरवल को पराजित कर दिया। वहीं, एक अन्य मैच में खगड़िया की टीम ने सहरसा को पराजित किया है।

———————————————————————

भारतीय टीम चैंपियंस ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंच गई है। दुबई में खेले गए पहले सेमीफाइनल में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को चार विकेट से हरा दिया। ऑस्ट्रेलिया की टीम ने भारत को जीत के लिए दो सौ पैंसठ रन का लक्ष्य दिया। जवाब में भारतीय टीम ने अड़तालीस दशमलव एक ओवर में छह विकेट पर दो सौ सड़सठ रन बनाकर मैच जीत लिया। वहीं, आज लाहौर में दूसरे सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड का मुकाबला दक्षिण अफ्रीका से होगा। जीतने वाली टीम का रविवार को फाइनल में भारत से मुकाबला होगा।

———————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** ने प्रदेश भाजपा परिषद की बैठक की खबर को अपनी सुर्खी बनाते हुये लिखा है– केन्द्रीय मंत्री मोहनलाल खट्टर ने कहा– नीतीश के नेतृत्व में दो हजार पच्चीस का चुनाव लड़ेंगे। **दैनिक जागरण** ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हवाले से लिखा है– चुनाव तक सरकारी नौकरी और रोजगार पाने वालों की संख्या होगी पचास लाख पार।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण के तीन लाख लाभुकों को प्रथम किस्त की राशि हस्तांतरित करेंगे।

02. पंचायती राज मंत्रालय आज नई दिल्ली में महिलाओं के अनुकूल ग्राम पंचायत मॉडल की शुरूआत करेगा।

03. सीबीआई ने पूर्व मध्य रेलवे की लोको पायलट प्रोन्नति परीक्षा के पेपर लीक मामले में गया के सात लोको पायलट समेत छब्बीस रेलकर्मियों को गिरफ्तार किया।

04. और, आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को हराकर फाईनल में प्रवेश किया। रविवार को खेला जायेगा फाईनल मुकाबला।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर बाद तीन बजकर दस मिनट पर प्रसारित किया जायेगा।